<u>मूल हिंदी में</u>

भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3073
06.08.2021 को उत्तर के लिए

वन्यजीव अभयारण्य में सड़क निर्माण

3073. श्री रमाकान्त भार्गव:

क्या ***पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री*** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एन.एच.ए.आई.) को रातापानी वन्यजीव अभयारण्य के राष्ट्रीय राजमार्ग-46 के 12.30 कि.मी. क्षेत्र में चार लेन सड़क के निर्माण के लिए मंजूरी दे दी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो कब तक मंजूरी दिए जाने की संभावना है?

<u>उत्तर</u>

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री अश्विनी कुमार चौबे)

(क), (ख) और (ग) : मंत्रालय को मध्य प्रदेश में रातापानी अभयारण्य से होकर जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-69 के ओबेदुल्लागंज-बेतूल भाग पर 8.300 कि.मी. से 20.740 कि.मी. (कुल लंबाई 12.440 कि.मी.) तक विस्तृत खंड क्षेत्र का उन्नयन करने/चार लेन का बनाने हेतु एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ था। हालांकि, प्रस्ताव अधूरा था क्योंकि प्रस्ताव में कुछ आवश्यक सूचना प्रस्तुत नहीं की गई थी। अत: मंत्रालय ने राज्य सरकार से अपेक्षित सूचना प्रस्तुत करने का अनुरोध किया है ताकि पूर्ण प्रस्ताव को विचार के लिए राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की स्थायी समिति के समक्ष रखा जा सके।

*****